This question paper consists of 42 questions and 12 printed pages.

इस प्रश्न-पत्र में 42 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं।

| | |
|---|---|
| Roll No. / अनुक्रमांक | |
| Code No. / कोड नं० | 52/DEE/A |
| Set/सेट | A |

# DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION (D. EL. ED.)

# प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी० एल० एड०)

## ( Learning Languages at Elementary Level )

## ( प्रारम्भिक कक्षाओं में भाषा सीखना-सिखाना )

**( Group—I/Paper—III )**

**(503)**

Day and Date of Examination (परीक्षा का दिन व दिनांक) ..........

Signature of Invigilators (निरीक्षकों के हस्ताक्षर) 1. ..........

2. ..........

***General Instructions* :**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the question paper
2. Please check the question paper to verify that the total pages and total number questions contained in the paper are the same as those printed on the top of t first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the objective-type of questions, you have to choose any *one* of the fo alternatives given in the question, i.e., A, B, C or D and indicate your corre answer in the answer-book given to you.
4. Making any identification mark in the answer-book or writing Roll Numb anywhere other than the specified places will lead to disqualification of t candidate.
5. Answers for questions, like matching, true or false, fill in the blanks, etc., are to given in the answer-book.
6. Write your Question Paper Code No. 52/DEE/A/6, Set A on the answer-book

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे उ छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए आपको प्रश्न के (क), (ख), (ग) अथवा (घ) विकल्पों में से सही उत्तर चुनना है तथा आपको उत्तर-पुस्तिका में लिखना है।

4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी अयोग्य ठहराया जायेगा।

5. ऐसे प्रश्न जैसे मिलान करना, सही अथवा ग़लत, रिक्त स्थान भरो आदि के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखें।

6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या 52/DEE/A/6, सेट [A] लिखें।

# DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION (D. EL. ED.)

## प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी० एल० एड०)

**( Learning Languages at Elementary Level )**

**( प्रारम्भिक कक्षाओं में भाषा सीखना-सिखाना )**

**( Group–I/Paper–III )**

**(503)**

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 70

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 70

*Note* : (i) Attempt *all* questions.

(ii) Marks are indicated against each question.

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिए गए हैं।

Question Nos. **1** to **15** are multiple-choice questions. Choose the correct answer from the four alternatives (A), (B), (C) and (D) given against each question and write the correct answer in your answer-book : 1×15=15

प्रश्न संख्या **1** से **15** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चार विकल्पों (क), (ख), (ग) और (घ) में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

**1.** What is most important for linguists?

(A) Words and sentences

(B) Sound system and sentence

(C) Dictionary and grammar

(D) Sound system and grammar

भाषा वैज्ञानिकों के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण क्या है?

(क) शब्द और वाक्य

(ख) ध्वनि प्रणाली और वाक्य

(ग) शब्दकोश और व्याकरण

(घ) ध्वनि प्रणाली और व्याकरण

**2.** In which of the following areas does language change in every 15 to 20 kilometers?

(A) At the level of sentence structure

(B) At the level of word formation

(C) At the level of sound structure

(D) All of the above

प्रत्येक 15 से 20 किलोमीटर में भाषा में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में बदलाव आता है?

(क) वाक्य-संरचना के स्तर पर

(ख) शब्द-निर्माण के स्तर पर

(ग) ध्वनि-संगठन के स्तर पर

(घ) उपर्युक्त सभी

**3.** How many language families are there in India?

(A) Three

(B) Four

(C) Five

(D) Six

भारत में कितने भाषा परिवार हैं?

(क) तीन

(ख) चार

(ग) पाँच

(घ) छह

**4.** Generally speaking second language acquisition starts from

(A) expression

(B) comprehension

(C) self-analysis

(D) analysing right/wrong

सामान्यतः द्वितीय भाषा बोलना प्रारंभ होता है

(क) अभिव्यक्ति द्वारा

(ख) भाव-ग्रहण द्वारा

(ग) आत्म-विश्लेषण द्वारा

(घ) सही/गलत के विश्लेषण द्वारा

**5.** What is the focus of the direct method?

(A) Translation

(B) Contextual language use

(C) Children

(D) Accuracy in speaking

प्रत्यक्ष विधि का केंद्रीय बिंदु क्या होता है?

(क) अनुवाद

(ख) संदर्भगत भाषा उपयोग

(ग) बच्चे

(घ) बोलने में सटीकता

**6.** Which two processes run simultaneously during a dialogue?

(A) Listening and seeing

(B) Reading and listening

(C) Listening and speaking

(D) Listening and laughing

संवाद के बीच कौन-सी दो प्रक्रियाएँ साथ-साथ चलती हैं?

(क) सुनना और देखना

(ख) पढ़ना और सुनना

(ग) सुनना और बोलना

(घ) सुनना और हँसना

**7.** What is the most important thing about reading?

(A) Absorbing the meaning of the written text

(B) Reading each word of the text

(C) Read aloud in flow

(D) Focus on punctuation

पठन के बारे में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण बात क्या है?

(क) लिखित पाठ का अर्थग्रहण

(ख) पाठ के प्रत्येक शब्द को पढ़ना

(ग) प्रवाह के साथ ऊँचे स्वर में पढ़ना

(घ) विरामचिह्नों पर ध्यान देना

**8.** Natural and essential stage of learning to read is

(A) errors made during reading

(B) making no mistakes

(C) rote learning letters

(D) rote learning words

पढ़ना सीखने का प्राकृतिक और आवश्यक सोपान है

(क) पढ़ते हुए अशुद्धियाँ करना

(ख) कोई अशुद्धि न करना

(ग) अक्षरों को रटकर सीखना

(घ) शब्दों को रटकर सीखना

**9.** Writing is a medium which

(A) represents a new language

(B) represents the same language in a different form

(C) teaches writing

(D) teaches reading

लिखना वह माध्यम है, जो

(क) नवीन भाषा का प्रतिनिधित्व करता है

(ख) उसी भाषा का भिन्न रूप में प्रतिनिधित्व करता है

(ग) लिखना सिखाता है

(घ) पढ़ना सिखाता है

**10.** A child who has dyslexia

(A) always sees the complete picture

(B) cannot see pictures

(C) sees the pieces making up the pictures

(D) cannot draw pictures

डिस्लेक्सिया से ग्रस्त एक बच्चा

(क) सदा पूरा चित्र देखता है

(ख) चित्र नहीं देख सकता

(ग) चित्र का निर्माण करने वाले खण्डों को देखता है

(घ) चित्र नहीं बना सकता

**11.** What should be done while teaching children to write?

(A) Children should be asked to memorize and write about specific topics

(B) Children should be asked to write the Varnmala

(C) Children should be given the opportunity to write down their thoughts

(D) Children should be asked to write the same letter over and over again

बच्चों को लिखना सिखाते समय क्या करना चाहिए?

(क) बच्चों से कहना चाहिए कि वे किसी विशेष विषय को याद करें और लिखें

(ख) बच्चों को वर्णमाला लिखने के लिए कहना चाहिए

(ग) बच्चों को अपने विचार लिखने का अवसर दिया जाना चाहिए

(घ) बच्चों को वही अक्षर बार-बार लिखने के लिए कहना चाहिए

**12.** The expanded form for TLM is

(A) total listening matter

(B) total learning matter

(C) teaching-learning material

(D) teaching-learning module

टी० एल० एम० का पूरा रूप है

(क) टोटल लिसनिंग मैटर

(ख) टोटल लर्निंग मैटर

(ग) टीचिंग-लर्निंग मैटिरिअल

(घ) टीचिंग-लर्निंग मॉड्यूल

**13.** During an assessment, we must compare the progress of the child

(A) with her previous level of learning

(B) with the other child

(C) with those who learn fast and have learnt more

(D) with those who speak fast

आकलन के दौरान हमें बच्चे की प्रगति की तुलना

(क) उसके सीखने के पिछले स्तर से करनी चाहिए

(ख) दूसरे बच्चे से करनी चाहिए

(ग) उनसे करनी चाहिए जो जल्दी और अधिक सीखते हैं

(घ) उनसे करनी चाहिए जो तेज़ बोलते हैं

**14.** The important way to assess listening-speaking is

(A) speaking

(B) listening

(C) both speaking and listening

(D) dictation

सुनना-बोलना के आकलन का महत्त्वपूर्ण तरीका है

(क) बोलना

(ख) सुनना

(ग) सुनना-बोलना दोनों

(घ) श्रुतलेखन

**15.** What do children comprehend by regularly listening to poems and rhymes?

(A) Word

(B) Sound

(C) Rhythm

(D) Basic structure of language

नियमित रूप से कविता और गीत (राइम) सुनने से बच्चे क्या समझ जाते हैं?

(क) शब्द

(ख) ध्वनि

(ग) लय

(घ) भाषा की आधारभूत संरचना

Question Nos. **16** to **30** are very short answer-type questions. Answer the following questions in about *2–3* sentences each : 1×15=15

प्रश्न संख्या **16** से **30** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *2–3* वाक्यों में दीजिए :

**16.** How should we measure language proficiency?

हमें भाषा-निपुणता का मूल्यांकन कैसे करना चाहिए?

**17.** What are your views on Hindustani?

हिंदुस्तानी के बारे में आपके क्या विचार हैं?

**18.** What is the meaning of 'mother tongue'?

'मातृभाषा' का क्या तात्पर्य है?

**19.** Why is it necessary for a teacher to provide the child with opportunities to speak?

बच्चे को बोलने के अवसर देना किसी अध्यापक के लिए आवश्यक क्यों है?

**20.** Suggest *two* activities for learning to read.

पढ़ना सीखने के लिए **दो** गतिविधियाँ सुझाइए।

**21.** What skills are required for a person to be able to write?

किसी व्यक्ति को लिखने में योग्य बनने के लिए किन कौशलों की आवश्यकता होती है?

**22.** Imagine that you have a child in your class who writes words in an irregular manner and has illegible handwriting. What would you do to guide him?

कल्पना कीजिए कि आपकी कक्षा में कोई बच्चा शब्दों को अनियमित तरीके से लिखता है और उसका लिखा हुआ पढ़ना कठिन है। उसका मार्गदर्शन आप कैसे करेंगे?

**23.** While learning to write, why do children make mistakes involving spelling and grammar?

लिखना सीखते हुए बच्चे वर्तनी और व्याकरण की अशुद्धियाँ क्यों करते हैं?

24. What are the attributes of a poem?

किसी कविता की क्या विशेषताएँ होती हैं?

25. Would you expose your students to original texts or just give them summaries? Why?

आप अपने विद्यार्थियों को मूल पाठों का ज्ञान देंगे या केवल सारांश बताएँगे? क्यों?

26. What does 'flexibility' in lesson-plan lead to?

पाठ-योजना के 'लचीलेपन' का क्या परिणाम होता है?

27. How does the opportunity of telling and creating stories help in developing the language of children?

बच्चों के भाषा विकास में कहानी सुनाने और कहानी बनाने का अवसर किस प्रकार सहायक होता है?

28. Mention *two* important principles of choosing materials.

सामग्री चयन के दो महत्वपूर्ण सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए।

29. Why should the process of assessment be student-centred?

आकलन की प्रक्रिया विद्यार्थी-केंद्रित क्यों होनी चाहिए?

30. What abilities can be assessed during an oral test?

मौखिक परीक्षा के दौरान किन योग्यताओं का आकलन किया जा सकता है?

Question Nos. **31** to **40** are short answer-type questions. Answer them in not more than *50* words each : 2×10=20

प्रश्न संख्या **31** से **40** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर *50* शब्दों से अधिक का न हो :

31. "Language is the identity of an individual." Explain the statement.

''भाषा किसी व्यक्ति की पहचान होती है।'' कथन को स्पष्ट कीजिए।

32. "India's cultural and social aspects are clearly visible in Indian English." Give examples to prove the statement.

''भारतीय अंग्रेज़ी में भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक पहलू स्पष्ट दिखाई पड़ते हैं।'' उक्त कथन के समर्थन में उदाहरण दीजिए।

**33.** What is the difference between the process of listening-speaking and the process of receiving information?

सुनने-बोलने की प्रक्रिया में तथा सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया में क्या अंतर है?

**34.** Out of accuracy and fluency, which one is more meaningful in learning language? Why?

किसी भाषा को सीखने के लिए निश्चितता और प्रवाह में से क्या अधिक सार्थक है? क्यों?

**35.** What are the ways of teaching to read?

पढ़ना सीखाने के तरीके क्या हैं?

**36.** What is the common process between reading and writing? Why?

पढ़ने और लिखने में समान प्रक्रिया क्या है? क्यों?

**37.** Name the stages children go through while learning language.

भाषा सीखने के दौरान बच्चे जिन अवस्थाओं से गुज़रते हैं, उनके नाम लिखिए।

**38.** What values are inculcated in children by teaching them language through play in the classroom?

कक्षा में अभिनय द्वारा भाषा सिखाने से बच्चों में किन मूल्यों का विकास होता है?

**39.** How would you make students practice all the four skills while using literature in the class?

आप कक्षा में साहित्य के उपयोग से बच्चों को भाषा के चारों कौशलों का अभ्यास कैसे कराएँगे?

**40.** How is assessment linked to the teaching and learning process? Write your thoughts on this.

शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया से आकलन को कैसे जोड़ा जाता है? इस पर अपने विचार लिखिए।

Answer the following long answer-type questions in about *500* words each : 10×2=2(

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए, परन्तु आपका उत्तर लगभग *500* शब्दों में हो :

**41.** What do you understand by multilinguality? How multilinguality can be used as a resource in the classroom? What role does environment play in language acquisition?

बहुभाषिकता से आप क्या समझते हैं? कक्षा में बहुभाषिकता का उपयोग एक संसाधन के रूप में कैसे किया जा सकता है? भाषा अधिग्रहण में पर्यावरण क्या भूमिका निभाता है?

**42.** List the advantages and limitations of different methods of teaching language while discussing them in short. How can we help children to acquire their second language?

भाषा शिक्षण की विभिन्न विधियों की संक्षेप में चर्चा करते हुए उनके लाभों और सीमाओं की सूची बनाइए। दूसरी भाषा सीखने में हम बच्चों की सहायता कैसे कर सकते हैं?

★ ★ ★